ऐश्वर्या कॉलेज में छात्राओं को दी पॉलिसिस्टिक डिजीज की जानकारी

नवज्योति/जोधपुर। महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता पर मंगलवार को ऐश्वर्या कॉलेज व भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के संयुक्त तत्वाधान में पीसीओडी के विशेष संदर्भ में सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान जोधपुर के निदेशक डॉ. अरूण के. शर्मा थे। सेमिनार में कॉलेज के विभिन्न संकायों की छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.ऋषि नेपालिया ने डा. अरूण के शर्मा का स्वागत किया। कॉलेज निदेशक भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा, महाविद्यालय का केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना ही नहीं अपितु आवश्यक विषयों पर विद्यार्थियों को उचित व्यवहारिक ज्ञान देकर लाभान्वित करना भी कॉलेज की प्राथमिकता है। कॉलेज मे सेमीनार व रिसर्च समिति की संयोजक शुचिता सिंह ने बताया, कॉलेज की छात्राओं और महिला सदस्यों को पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज के बारे में बता शंकाओं एवं मिथ्याओं को दूर किया।

राजस्थान पत्रिका

ऐश्वर्या कॉलेज में सेमीनार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर. ऐश्वर्या कॉलेज और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के संयुक्त तत्वाधान में पीसीओडी के विशेष संदर्भ में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वियन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के निदेशक डॉ. अरूण के. शर्मा मुख्य वक्ता थे। निदेशक भूपेन्द्रसिंह राठौड़, रिसर्च समिति की संयोजक शुचिता सिंह, डॉ अरूण के शर्मा ने विचार व्यक्त किए। सेमीनार की शुरूआत में कॉलेज प्राचार्य डॉ ऋषि नेपालिया ने डॉ अरूण के शर्मा का स्वागत किया। महिला एवं उत्पीडन् रोधी समिति की संयोजक नीलिमा अरोड़ा ने भी विचार व्यक्त किए। रिसर्च समिति की संयोजक शुचिता सिंह ने डॉ अरूण के शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बीबीए की छात्रा गरिमा जैन ने किया ।